भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1764**

दिनांक 02 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए

## मेगा फूड पार्क

**1764. श्री रामप्रीत मंडल:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार ने विकास के लिए मेगा फूड पार्कों की स्थापना करने और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का विस्तार करने का निर्णय लिया है;

**(ख)** यदि हां, तो देश में मार्च, 2019 तक कितने फूड पार्क स्थापित किए गए हैं; और

**(ग)** इन फूड पार्कों में कितनी औसत पूंजी निवेश की गई है और इस पूंजी निवेश में विदेशी पूंजी की मात्रा कितनी है?

**<u>उत्तर</u>**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

**(क) से (ग):** जी हां, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय खेत से लेकर बाजार तक मूल्य श्रृंखला के साथ खाद्य प्रसंस्करण के लिए आधुनिक अवसंरचना सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु मेगा फूड पार्क स्कीम (एमएफपीज) कार्यान्वित करता रहा है । अब यह स्कीम केंद्रीय क्षेत्र की अम्ब्रेला स्कीम – प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना का एक घटक है । वर्तमान में, सरकार ने मार्च, 2019 तक मेगा फूड पार्क स्कीम के अंतर्गत 42 मेगा फूड पार्कों की स्थापना का अनुमोदन दिया है । इनमें से मंत्रालय ने 38 मेगा फूड पार्कों को अंतिम अनुमोदन और 4 मेगा फूड पार्कों को सैद्धांतिक अनुमोदन दे दिया है ।

इन अनुमोदित की गईं 42 मेगा फूड पार्क परियोजनाओं का औसत पूंजी निवेश लगभग 119.67 करोड़ रुपए बनता है ।

इन 42 मेगा फूड पार्क परियोजनाओं में से, 2 मेगा फूड पार्क परियोजनाएं अर्थात मैसर्स झारखंड मेगा फूड पार्क प्रा.लि., रांची, झारखंड और मैसर्स स्मार्ट एग्रो फूड पार्क प्रा.लि, निजामाबाद, तेलंगाना ने अपनी विशेष प्रयोजन संस्थाओं (एसपीवीज) की हिस्सेदारी में क्रमश: 14.09 करोड़ रुपए और 4.91 करोड़ रुपए राशि की विदेशी पूंजी/प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त किया है ।।

फूड पार्क परियोजनाओं की लागत तथा मेगा फूड पार्क स्कीम के अंतर्गत इन पार्कों में प्राप्त हुई विदेशी पूंजी/प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की राशि सहित इन मेगा फूड पार्क परियोजनाओं के कार्यान्वयन की राज्य-वार स्थिति **संलग्नक-I** में दर्शाई गई है ।

*****

**संलग्नक-I**

**मेगा फूड पार्कों के बारे में दिनांक 02 जुलाई, 2019 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 1764 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण ।**

**मेगा फूड पार्क स्कीम के अंतर्गत मेगा फूड पार्क परियोजनाओं की परियोजना लागत और विदेशी पूंजी की राशि/प्राप्त हुए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सहित इन मेगा फूड पार्क परियोजनाओं के कार्यान्वयन की राज्य-वार स्थिति ।**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | परियोजना लागत (करोड़ रुपए) | प्राप्त हुई प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की राशि (करोड़ रुपए) | सैद्धांतिक अनुमोदन की तारीख | अंतिम अनुमोदन की तारीख | अनुमोदित अनुदान की राशि (करोड़ रुपए ) | जारी की गई अनुदान राशि (करोड़ रुपए) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **आंध्र प्रदेश** | | | | | | | | |
| 1. | स्रीनी मेगा फूड पार्क प्रा.लि. चित्तूर, **आंध्र प्रदेश** | 121.10 | 0.00 | 16.12.2008 | 30.03.2009 | 50 | 49.92 | **पूरी हो चुकी** |
| 2. | गोदावरी मेगा एक्वा पार्क प्रा.लि . पश्चिम गोदावरी, **आंध्र प्रदेश** | 122.60 | 0.00 | 21.09.2012 | 16.12.2013 | 50 | 44.53 | चालू हो गई |
| 3. | आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम (एपीआईआईसी) कृष्णा, **आंध्र प्रदेश** | 125.25 | 0.00 | 31.03.2015 | 31.12.2015 | 50 | 28.49 | कार्यान्वयनाधीन |
| **अरुणाचल प्रदेश** | | | | | | | | |
| 4. | रोंगोगे मेगा फूड पार्क प्रा. लिमिटेड, पापुम पारे, **अरुणाचल प्रदेश** | 71.83 | 0.00 | 21.12.2017 | --- | एसपीवी "अंतिम अनुमोदन" की शर्तें पूरी करने की कार्रवाई कर रहा है । | | |
| **असम** | | | | | | | | |
| 5. | नॉर्थ ईस्ट मेगा फूड पार्क लिमिटेड, नलबाड़ी, **असम** | 80.85 | 0.00 | 16.12.2008 | 30.03.2009 | 50 | 45 | **प्रचालनरत** |
| **बिहार** | | | | | | | | |
| 6. | प्रिस्टीन मेगा फूड पार्क प्रा.लि.,खगड़िया , **बिहार** | 127.91 | 0.00 | 21.09.2012 | 06.08.2014 | 43.77 | 24.51 | कार्यान्वयनाधीन |
| **छत्तीसगढ़** | | | | | | | | |
| 7. | इण्डस बेस्ट मेगा फूड पार्क प्रा.लि., रायपुर, **छत्तीसगढ़** | 124.50 | 0.00 | 06.09.2012 | 04.06.2014 | 50 | 28.61 | कार्यान्वयनाधीन |
| **गुजरात** | | | | | | | | |
| 8. | गुजरात एग्रो इन्फ्रास्ट्रक्चर मेगा फूड पार्क प्रा.लि., सूरत, **गुजरात** | 117.87 | 0.00 | 21.09.2012 | 22.05.2014 | 50 | 42.45 | **प्रचालनरत** |
| 9. | फणीधर मेगा फूड पार्क प्रा.लि., मेहसाणा , **गुजरात** | 165.79 | 0.00 | 03.01.2017 | 16.08.2017 | 50 | 15.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **हरियाणा** | | | | | | | | |
| 10. | हरियाणा स्टेट इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेंट कारपोरेशन लि., (एचएसआईआईडी सी) सोनीपत, **हरियाणा** | 177.59 | 0.00 | 31.03.2015 | 06.11.2015 | 50 | 27.88 | कार्यान्वयनाधीन |
| 11. | हरियाणा स्टेट कोआपरेटिव सप्लाई एंड मार्केटिंग फडरेशन लि . (एचएएफईडी) रोहतक, **हरियाणा** | 179.75 | 0.00 | 03.01.2017 | 21.02.2018 | 50 | 0.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **हिमाचल प्रदेश** | | | | | | | | |
| 12. | क्रीमिका फूड पार्क प्रा .लि., ऊना, **हिमाचल प्रदेश** | 107.34 | 0.00 | 21.09.2012 | 06.08.2014 | 50 | 42.72 | कार्यान्वयनाधीन |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **जम्मू और कश्मीर** | | | | | | | | |
| 13. | आरएफके ग्रीन्स फूड पार्क प्रा.लि., पुलवामा, **जम्मू और कश्मीर** | 79.43 | 0.00 | 21.09.2012 | 19.02.2014 | 50 | 18.61 | कार्यान्वयनाधीन |
| **झारखंड** | | | | | | | | |
| 14. | झारखंड मेगा फूड पार्क प्रा.लि., रांची, **झारखंड** | 114.74 | 14.09 | 16.12.2008 | 30.03.2009 | 50 | 43.78 | **प्रचालनरत** |
| **कर्नाटक** | | | | | | | | |
| 15. | इंटीग्रेटेड फूड पार्क प्रा.लि, तुमकुर, कर्नाटक | 144.33 | 0.00 | 03.08.2010 | 27.03.2011 | 50 | 48.22 | **पूरी हो चुकी** |
| 16. | फवरिच इंफ्रा प्रा.लि., माण्डया **कर्नाटक** | 113.83 | 0.00 | 03.01.2017 | 19.12.2017 | 50 | 15.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **केरल** | | | | | | | | |
| 17. | केरल राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम लि. (केएसआईडीसी) अल्लापुड़ा, **केरल** | 129.15 | 0.00 | 31.03.2015 | 27.11.2015 | 50 | 28.80 | कार्यान्वयनाधीन |
| 18. | केरल औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (किन्फ्रा), पल्लकड़ , **केरल** | 119.02 | 0.00 | 31.03.2015 | 27.11.2015 | 50 | 37.72 | कार्यान्वयनाधीन |
| **मध्य प्र देश** | | | | | | | | |
| 19. | इंडस मेगा फूड पार्क प्रा.लि. खरगौन, **मध्य प्रदेश** | 131.28 | 0.00 | 10.10.2011 | 27.08.2012 | 50 | 49.12 | **पूरी हो चुकी** |
| 20. | अवंती मेगा फूड पार्क प्रा.लि. देवास, **मध्य प्रदेश** | 149.48 | 0.00 | 31.03.2015 | 31.12.2015 | 50 | 38.88 | कार्यान्वयनाधीन |
| **महाराष्ट्र** | | | | | | | | |
| 21. | पैथान मेगा फूड पार्क प्रा. लिमिटेड, औरंगाबाद, **औरंगाबाद** | 124.52 | 0.00 | 01.04.2011 | 08.03.2013 | 48.82 | 41.99 | **प्रचालनरत** |
| 22. | सतारा मेगा फूड पार्क प्रा. लिमिटेड, सतारा, **महाराष्ट्र** | 139.33 | 0.00 | 21.09.2012 | 06.08.2014 | 50 | 44.49 | **प्रचालनरत** |
| 23. | वर्धा मेगा फूड पार्क **प्रा.लि , महाराष्ट्र** | 92.36 | 0.00 | 31.03.2015 | 13.01.2016 | 50 | 15.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **मिजोरम** | | | | | | | | |
| 24. | जोरम मेगा फूड पार्क प्रा.लि. आईजोल**, मिजोरम** | 75.20 | 0.00 | 19.12.2013 | 10.06.2015 | 50 | 44.24 | कार्यान्वयनाधीन |
| **नागालैंड** | | | | | | | | |
| 25. | डोयस एग्री रिसोर्सिस प्रा.लि., दीमापुर, **नागालैंड** | 71.80 | 0.00 | 03.01.2017 | 16.08.2017 | 50 | 29.78 | कार्यान्वयनाधीन |
| **ओडिशा** | | | | | | | | |
| 26. | ओडिशा इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलमेंट कारपोरेशन (आईडीसीओ),खुर्दा, **ओडिशा** | 125.42 | 0.00 | 31.03.2015 | 06.11.2015 | 50 | 29.30 | कार्यान्वयनाधीन |
| 27. | एमआईटीएस मेगा फूड पार्क लि., रायगढ़, **ओडिशा** | 80.17 | 0.00 | 29.04.2011 | 16.04.2012 | 50 | 44.95 | **प्रचालनरत** |
| **पंजाब** | | | | | | | | |
| 28. | इंटरनेशनल मेगा फूड पार्क लि.,फजिल्का , **पंजाब** | 130.38 | 0.00 | 03.08.2010 | 25.05.2011 | 50 | 45 | **प्रचालनरत** |
| 29. | पंजाब एग्रो इण्डस्ट्रीज कारपेरेशन लि. (पीएआईसी) लुधियाना , **पंजाब** | 117.61 | 0.00 | 31.03.2015 | 27.11.2015 | 50 | 29.23 | कार्यान्वयनाधीन |
| 30. | सुखजीत मेगा फूड पार्क इंफ्रास्ट्रैक्चर लि., कपूरथला, **पंजाब** | 123.72 | 0.00 | 31.03.2015 | 06.11.2015 | 50 | 29.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **राजस्थान** | | | | | | | | |
| 31. | ग्रीन टेक फूड पार्क प्रा.लि., अजमेर, **राजस्थान** | 119.82 | 0.00 | 21.09.2012 | 19.02.2014 | 49.88 | 43.18 | **प्रचालनरत** |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **तेलंगाना** | | | | | | | | |
| 32. | स्मार्ट एग्रो फूड पार्क प्रा.लि.**,** निजामाबाद, तेलंगाना | 108.95 | 4.91 | 19.12.2013 | 10.06.2015 | 50 | 44.56 | कार्यान्वयनाधीन |
| 33. | तेलंगाना राज्य इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लि., खम्मम, तेलंगाना | 109.44 | 0.00 | 31.03.2015 | 05.02.2016 | 50 | 21.75 | कार्यान्वयनाधीन |
| **त्रिपुरा** | | | | | | | | |
| 34. | सिकारिया मेगा फूड पार्क प्रा.लि., त्रिपुरा, त्रिपुरा | 87.45 | 0.00 | 29.04.2011 | 30.11.2011 | 50 | 43.50 | कार्यान्वयनाधीन |
| **उत्तराखंड** | | | | | | | | |
| 35. | पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क प्रा.लि., हरिद्वार, **उत्तराखंड** | 95.08 | 0.00 | 16.12.2008 | 30.03.2009 | 50 | 50 | **पूरी हो चुकी** |
| 36. | हिमालयन फूड पार्क प्रा.लि.**,**उधम सिंह नगर, **उत्तराखंड** | 98.08 | 0.00 | 21.09.2012 | 23.01.2014 | 48.12 | 41.80 | **प्रचालनरत** |
| **उत्तर प्रदेश** | | | | | | | | |
| 37. | विंध्याचल अत्तिवो फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, मिर्जापुर, **उत्तर प्रदेश** | 163.15 | 0.00 | 21.12.2017 | -- | एसपीवी "अंतिम अनुमोदन" की शर्तें पूरी करने की कार्रवाई कर रहा है। | | |
| 38. | नंदवन मेगा फूड पार्क प्रा., मथुरा, **उत्तर प्रदेश** | 120.77 | 0.00 | 21.12.2017 | 28.01.2019 | 50 | 0.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| 39. | पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क नोएडा प्रा.लि., गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 218.30 | 0.00 | 15.01.2018 | 20.09.2018 | 50 | 0.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **पश्चिम बंगाल** | | | | | | | | |
| 40. | जंगीपुर मेगा फूड पार्क लिमिटेड, मुर्शिदाबाद, **पश्चिम बंगाल** | 132.70 | 0.00 | 16.12.2008 | 16.03.2010 | 50 | 45 | **प्रचालनरत** |
| 41 | जलपाईगुड़ी मेगा फूड पार्क प्रा. लि, जलपाईगुड़, **पश्चिम बंगाल** | 108.07 | 0.00 | 08.03.2019 | -- | एसपीवी "अंतिम अनुमोदन" की शर्तें पूरी करने की कार्रवाई कर रहा है। | | |
| **मणिपुर** | | | | | | | | |
| 42 | मणिपुर खाद्य उद्योग निगम लि, काकिंग, **मणिपुर** | 80.02 | 0.00 | 08.03.2019 | -- | एसपीवी "अंतिम अनुमोदन" की शर्तें पूरी करने की कार्रवाई कर रहा है। | | |